## संक्षिप्त

### राहगीरों को पिलाया शरबत

**पावटा।** केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत सोमवार को पुलिस थाना विराटनगर के सामने जल सेवा एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आने-जाने वाले वाहन चालकों, राहगीरों एवं आमजन को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दी गई तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोटपूतली-बहरोड़ के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। सतवीर सिंह आईपीएस पुलिस अधीक्षक कोटपूतली-बहरोड़ के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम अली खान आरपीएस के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी विराटनगर उमेश कुमार निठारवाल आरपीएस के सुपरविजन में थाना प्रभारी सोहन लाल पुलिस निरीक्षक मय थाना स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाया। थाना परिसर के बाहर टेंट लगाकर आयोजित इस जल सेवा कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने आमजन को जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने, पानी की बर्बादी रोकने एवं वर्षा जल संठाहण अपनाने का संदेश दिया। साथ ही पारंपरिक जल स्त्रोतों जैसे कुएं, बावडी और तालाबों के संरक्षण, हरियालो राजस्थान अभियान, स्वच्छता तथा प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपने परिवार, समाज और कार्यस्थल पर जल संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान जल-जंगल-ज़मीन एक प्राकृतिक बंधन का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। सोहन लाल, थानाधिकारी विराटनगर ने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के माध्यम से आमजन को जल बचाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पानी प्रकृति का अनमोल संसाधन है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जल का सदुपयोग करना चाहिए।

### बरसात से मौसम हुआ खुशनुमा

**निवाई।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में सोमवार को सुबह से तेज धूप एवं गर्म हवाओं से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम को हुई बरसात से तापमान में गिरावट आने से मोसम खुशनुमा हो गया। सुबह से ही आसमान से बरसती आग व थपेड़ मारती गर्म हवाओं से लोगों का घरों से बाहर निकलना दूभर हो गया। इस भीषण गर्मी व लू के चलते राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम के इस मिजाज का सीधा असर व्यापार पर भी देखने को मिला। तेज हवाओं के साथ उड़ती धूल और मिट्टी से अपने सामानों को बचाने के लिए दुकानदारों को दुकानों के आधे शटर गिराने पड़े। दिनभर की इस झुलसाने वाली गर्मी के बीच बिजली की अघोषित कटौती ने लोगों की परेशानियों को दोगुना कर दिया। घंटों तक बिजली गुल रहने के कारण लोग घरों के भीतर भी गर्मी से बेहाल होते रहे। दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और आसमान में काले-घने बादलों का डेरा जमा होने लगा। देखते ही देखते ठंडी हवाओं के झोंके चलने लगे और बादलों की गडग़ड़ाहट के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया। तेज गर्जना के साथ हुई इस झमाझम बारिश से देखते ही देखते शहर की सडक़ों पर पानी भर गया। बारिश ने लोगों को भीषण तपन से बड़ी राहत दिलाई। आसमान से बरसीं राहत की बूंदों से वातावरण में गर्मी पूरी तरह शांत हो गई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सुबह से जो लोग गर्मी से बेहाल थे, वह शाम सुहावने मौसम का आनंद लेते नजर आए। बारिश के बाद पूरे क्षेत्र का मौसम बेहद खुशनुमा और तरोताजा हो गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

### सुरेन्द्र छेपट का सम्मान

**कोटपूतली,** । राजस्थान दिव्यांग शक्ति संघ की ओर से राजपूताना कॉलेज परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांगजनों ने नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित सुरेन्द्र छेपट का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुरेन्द्र छेपट ने नर सेवा-नारायण सेवा का संदेश दिया। उन्होंने दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए शिक्षा और रोजगार को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता ही दिव्यांगजन सशक्तिकरण की कुंजी है। छेपट ने सरकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरण, पेंशन योजना, पालनहार योजना, स्वरोजगार के लिए ऋण और अन्य लाभकारी सरकारी सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालकिशन शर्मा ने की ।

# कांग्रेस का प्रदेश में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार व पेपर लीक को लेकर विरोध प्रदर्शन



किशनगढ़ बास में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विधायक दीपचंद खैरिया ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

- किशनगढ़ बास में कांठोस ने विधायक के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन, सरकार होश में आओ के लगाए नारे

**किशनगढ़बास।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किशनगढ़बास ने देश और प्रदेश में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी एवं पेपर लीक जैसी घटनाओं के विरोध विधायक दीपचंद खेरिया के नेतृत्व में में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर आमजन से जुडे मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। ज्ञापन में केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए आम जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। विधायक खैरिया के निजी सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि ज्ञापन में कहा गया कि रसोई गैस (एलपीजी), पेट्रोल और डीजल के दामों में लगातार वृद्धि होने से गरीब और मध्यम वर्ग का जीवन प्रभावित हो रहा है। महंगाई के कारण आम आदमी के लिए दैनिक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल होता जा रहा है। सरकारी कार्यालयों और विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर भी चिंता जताई। ज्ञापन में कहा गया कि आम नागरिकों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी रिश्वत और अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कांठोस ने कहा कि रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिलने से युवाओं का भविष्य संकट में है। सरकार को रोजगार सृजन के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि युवाओं को सुरक्षित भविष्य मिल सके। ज्ञापन में कांठोस ने नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामलों पर भी कड़ी आपत्ति जताई। कांग्रेस ने कहा कि ऐसी घटनाएं लाखों विद्यार्थियों की मेहनत और भविष्य के साथ खिलवाड़ हैंइस मौके पर विधानसभा समन्वयक देव कसाना, प्रदेश महासचिव अजीत यादव, प्रधान बीपी सुमन, खैरथल-तिजारा महिला जिला अध्यक्ष विनोद कुमारी सांगवान, पीसीसी गिरीश डाटा, ब्लॉक अध्यक्ष किशनगढ़बास सन्दीप पाटिल, राम प्रसाद गुर्जरआदि शामिल थे।

### ग्रेवल सड़क का निर्माण कार्य शुरू

**निवाई।** गांव बंशीपुरा से कायमनगर के रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को उपखण्ड अधिकारी अजीतसिंह राठौड के नेतृत्व में 4 जेसीबी मशीनों से हटाया गया। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। तहसीलदार नरेश गुर्जर ने बताया कि जिला कलेक्टर टीना ढाबी द्वारा की गई जनसुनवाई में प्राप्त परिवाद के निस्तारण के तहत गांव बंशीपुरा की सिवायचक भूमि से अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की गई। इस दौरान मौके उपखण्ड अधिकारी अजीतसिंह राठौड़, पुलिस उपाधीक्षक रविप्रकाश शर्मा मय पुलिस जाब्ते के साथ आदेशानुसार सर्वे टीम द्वारा मौके पर बंशीपुरा से कायमनगर जाने वाले रास्ते का पुख्ता निशानात से सीमांकन कर रास्ते का निशानाद करवाया गया। यह रास्ता सिवायचक भूमि एवं डोटेड रास्ते के रूप में मौके पर कदीमी समय से आवागमन के उपयोग में आ रहा है, जिस पर सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा डामरीकरण सड़क बनवाया जाना प्रस्तावित है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष मेवाती ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**कोटपूतली** । भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जयपुर जिला देहात उत्तर के तत्वाधान में ग्राम सुजातनगर में अल्पसंख्यक कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस महासम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज और अल्पसंख्यक वर्ग के कार्यकर्ताओं ने शिरकत कर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने सम्मेलन में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की नीतियों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अल्पसंख्यक समाज के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का दायरा बढ़ाया है। सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया है। मेवाती ने कहा कि केंद्र सरकार ने तीन तलाक जैसी सामाजिक कुप्रथा को कानूनी रूप से समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं को समाज में सम्मान और न्याय दिलाने का ऐतिहासिक काम किया है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और मुद्रा लोन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का सीधा लाभ देश के अल्पसंख्यक समाज तक बिना किसी बाधा के पहुंच रहा है। राजस्थान की कानून व्यवस्था और विकास कार्यों का जिक्र करते हुए हमीद खान मेवाती ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। राज्य सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र पर चलते हुए समाज के सभी वर्गों के साथ-साथ मुस्लिम समाज के सामाजिक और आर्थिक हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं, जिनका जमीनी स्तर पर आम जनता को भरपूर लाभ मिल रहा है। कार्यकर्ता सम्मेलन के सफल समापन के पश्चात प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का काफिला बाबा इनायत शाह रहमतुल्लाह अलैह की पवित्र दरगाह पर पहुंचा। जहां सभी ने पूरी अकीदत के साथ मजार शरीफ पर चादर पेश की। कार्यकर्ताओं ने देश और राजस्थान प्रदेश में शांति, आपसी भाईचारे, खुशहाली और निरंतर विकास के लिए सामूहिक रूप से दुआ मांगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर जिला देहात उत्तर के जिलाध्यक्ष अब्दुल सत्तार खान ने की। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों, पदाधिकारियों और दूर-दराज से आए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन की खास बात यह रही कि इसमें पुरुषों के साथ-साथ सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं ने भी बेहद उत्साहपूर्ण भागीदारी निभाई। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जंग बहादुर पठान, प्रदेश कोषाध्यक्ष जमरुद्दीन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जावेद खान, जयपुर शहर महामंत्री परवेज खान, जिला महामंत्री निजामुद्दीन, पूर्व सरपंच गोपाल अठावाल, सरपंच हरिराम कटारिया, जिला उपाध्यक्ष वसीम खान लोहार, रफीक मनियार, सरफराज चौहान, जिला मंत्री शरीफ कुरैशी, एजाज कुरैशी, सरदार रणवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व प्रबुद्धजन उपस्थित रहें।

### कृष्ण कुमावत मलेशिया में बने रेफरी

**शाहपुरा।** ग्राम तिगरिया निवाणा निवासी जयपुर के युवा खेल प्रशासक एवं अंतरराष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी कृष्ण कुमावत को मलेशिया में आयोजित होने वाली आधिकारिक रूप से सहभागिता करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

उन्हें इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में (अंतरराष्ट्रीय रेफरी) की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो जयपुर एवं पूरे राजस्थान के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। यह प्रतियोगिता 1 से 5 जून 2026 तक मलेशिया में आयोजित की जा रही है, जिसमें विभिन्न एशियाई देशों के सैकड़ों पैरा खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग लेंगे। कृष्ण कुमार कुमावत की यह उपलब्धि न केवल उनकी खेलों के प्रति समर्पण और अनुभव को दर्शाती है, बल्कि राजस्थान की बढ़ती हुई पहचान को भी अंतरराष्ट्रीय पैरा खेल मंच पर मजबूत करती है। उनके अंतरराष्ट्रीय रेफरी के रूप में चयन से प्रदेश के खिलाड़ियों एवं खेल अधिकारियों को नई प्रेरणा मिलेगी तथा पैरा खेलों के विकास को और अधिक गति प्राप्त होगी। समस्त खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों एवं राजस्थानवासियों की ओर से कृष्ण कुमार कुमावत को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दी गई।

# अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान के तहत पांच आरोपी पकड़े

**टोंक** । जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान के तहत बनेठा पुलिस ने अवैध शराब ब्रांचों पर छापा मारकर चार आरोपी गिरफ्तार का गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देगी व अंगेजी शराब एवं 17 हजार 900 रुपए नकद राषि जब्त की गई है। बनेठा थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम ने अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए चार आरोपी गिर्राज, मंगल सिंह, रोहित सिंह और रामअवतार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कई ब्रांड के 241 देशी शराब के पव्वे, 257 अंग्रेजी शराब के पव्वे और 2 हाफ बियर के साथ-साथ विभिन्न ब्रांड की 189 बोतल-केन बीयर जब्त की है। वही अवैध शराब बिक्री से प्राप्त 17 हजार 900 रुपए नकद भी जब्त किए गए। पुलिस ने अवैध शराब की ब्रांच चलाने वाले इन आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत बनेठा थाने में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। इसी प्रकार अलीगढ़ थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए क्षेत्र में चल रही एक अवैध शराब की ब्रांच पर छापा मारकर भारी मात्रा में देषी-अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की है। इस मामले में आरोपी दिलखुश पुत्र हेमराज मीणा (उम्र 27 साल), निवासी देवली, थाना अलीगढ़ को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 812 पव्वे देशी शराब, विभिन्न ब्रांड्स की 30 बोतलें, 67 पव्वे और 132 पव्वे अंठोजी शराब, तथा 164 बोतलें और 108 केन बीयर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी दिलखुश मीणा के खिलाफ अलीगढ़ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।




अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान के तहत बनेठा पुलिस ने अवैध शराब ब्रांचों पर छापा मारकर शराब जब्त की।

- पुलिस ने कई ब्रांड के 241 देशी शराब के पव्वे, 257 अंठोजी शराब के पव्वे और 2 हाफ बियर के साथ-साथ विभिन्न ब्रांड की 189 बोतल-केन बीयर जब्त की है। वही अवैध शराब बिक्री से प्राप्त 17 हजार 900 रुपए नकद भी जब्त की

### अखंड हरिनाम संकीर्तन की धूम

**निवाई।** जमात में संत शिरोमणि कृष्णानंद महाराज की असीम कृपा से अखंड हरिनाम संकीर्तन का भव्य व दिव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह और गहरी श्रद्धा देखी जा रही है। भगवान के भजनों व अखंड हरिनाम के जयकारों से आस-पास को क्षेत्र गुंजायमान हो उठा है, जिससे संपूर्ण वातावरण अत्यंत पवित्र और भक्तिमय बन गया है। श्रद्धालु मोंटी शर्मा ने बताया कि वर्तमान में चल रहे पवित्र पुरुषोत्तम मास के पावन उपलक्ष्य में अखंड हरिनाम संकीर्तन का बीड़ा उठाया गया है। उन्होंने बताया कि यह आध्यात्मिक आयोजन आगामी 15 जून तक लगातार इसी प्रकार बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। प्रभु भक्ति का यह सिलसिला दिन-रात अनवरत रूप से चल रहा है। जिसको लेकर दिन भर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पांडल में एकत्र होते हैं और पूरी तल्लीनता के साथ सामूहिक रूप से हरिनाम संकीर्तन करते हुए ईश्वर की आराधना में लीन रहते हैं। भक्ति की यह बयार सुबह से लेकर देर शाम तक अनवरत बहती रहती है। मोंटी शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन शाम को 8 बजे भगवान की विशेष महाआरती का आयोजन किया जाता है, जो सभी के आकर्षण व श्रद्धा का मुख्य केंद्र होती है।

## सार-समाचार

### बिदारा में नालियां जाम, गंदगी से ग्रामीण परेशान



**शाहपुरा ।** नगर परिषद् के ग्राम बिदारा के वार्ड न. 10 व 11 सहित कस्बे के कई क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था बदहाल है। नगर परिषद मुख्यालय से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बिदारा में नालियां लंबे समय से जाम पड़ी हैं, जिससे गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। ग्रामीण इस समस्या से जूझ रहे हैं। कर्मचारी कुछ स्थानों पर सफाई कर केवल औपचारिकता पुरी करते है। नालियों में जमा गंदा पानी और कचरा संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ा रहा है। ग्रामीण डॉ. पूरणमल बुनकर,प्रभूदयाल ब्रजवाल, संतोष प्रजापत आदि ने बताया कि नगर परिषद के सफाई कर्मचारी समय पर नहीं आते, नालियों से कचरा निकाल कर वहीं पर छोड़ देते हैं जिससे दुर्गंध और मक्खी मच्छरों से ग्रामीण परेशान रहते हैं केवल एक दो जगह पर ही सफाई करते हैं अन्य जगहों पर आज तक सफाई नहीं की गई है जिस जगह कचरें के ढेर लगे हुए हैं,इस बारे में नगरपरिषद् आयुक्त,सफाई निरीक्षक, कार्मिकों को कई बार लिखित व मोखिक शिकायतें की जा चुकी हैं,सफाई व्यवस्था के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, सफाई व्यवस्था केवल कागजों तक सिमटी हुई है । ग्रामीणों ने नगर परिषद से तत्काल जाम नालियों की सफाई कराने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि उन्हें गंदगी और संभावित बीमारियों से राहत मिल सके साथ ही सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण कर लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की भी मांग की।

### प्रतिभाओं का सम्मान

**किशनगढ़ बास** । अमन भारती विकास संस्थान की ओर से संचालित मदरसा नूरुल इस्लाम माहोंद के शुभारम्भ, शिक्षा संगोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं प्रतिभाओं के सम्मान को केंद्र में रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. एम.पी.एस. चंद्रावत ने की, जबकि मुख्य अतिथि भाजपा नेता सालिम हुसैन रहे। विशिष्ट अतिथियों में यूनुस खान (जिला अध्यक्ष, फकीर कम्युनिटी वेलफेयर सोसायटी), फारूक शाह (प्रदेश अध्यक्ष, शाह समाज वेलफेयर सोसायटी), बिहारी सिंह बारेठ, गौरा सिंह, आकिब खान (जिला प्रवक्ता, कांग्रेस पार्टी, नूंह हरियाणा), हेमलता मेघवाल (जिला अध्यक्ष, मेघवाल समाज), शाहजहां (जयपुर), जुबेर खान (सचिव, फकीर कम्युनिटी वेलफेयर सोसायटी), धीरू सिंह (जिलाध्यक्ष, मजदूर यूनियन), रहमत शाह अल्वी, हाजी कमरुद्दीन, मोइनुद्दीन शाह (जोधपुर) एवं सिकंदर शाह बैलीम (मकराना) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा नेता सालिम हुसैन ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास का आधार है तथा प्रतिभाओं को सम्मानित करना नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। सम्बोधन में अन्य वक्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सामाजिक समरसता पर विस्तार बात रखी और अमन भारती विकास संस्थान के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में क्षेत्र की विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारों को उनके निष्पक्ष एवं जनहितकारी योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही कांस्टेबल माया यादव, पुष्पा सैनी(पुलिस थाना किशनगढ़ बास ) को उनके कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं एवं विशेष योगदान के लिए विशेष सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में गांव एवं आसपास के क्षेत्र के उन विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। संगोष्ठी के दौरान नैतिक शिक्षा, आधुनिक शिक्षा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं युवाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और सामाजिक चेतना का समावेश ही एक मजबूत और विकसित समाज का निर्माण कर सकता है । कार्यक्रम के अंत में संस्थान के संस्थापक सैय्यद इस्लामुद्दीन ने सभी अतिथियों, पत्रकारों, सम्मानित प्रतिभाओं, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान भविष्य में भी शिक्षा, सेवा, सामाजिक जागरूकता एवं प्रतिभा प्रोत्साहन के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता रहेगा।

### पदौन्नित तिथि अंकन कार्य की मांग

**कोटपूतली।** राजस्थान शिक्षा परिषद (प्रधानाचार्य) जिला शाखा कोटपूतली-बहरोड़ के प्रधानाचार्यों ने पदौन्नत प्रधानाचार्यों की पदौन्नित तिथि अंकन कार्य की मांग को लेकर प्रदेष के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि शिक्षा मंत्री द्वारा बार-बार दिए गए निर्देशों एवं शासन से जारी आदेशों के बावजूद सत्र 2015-16 से 2019-20 तक पदौन्नत प्रधानाचार्यों की पदौन्नित तिथि अंकन कार्य आज तक निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर स्तर पर लंबित है। सत्र 2017-18 में पदौन्नत हुये 1970 प्रधानाचार्यों (1410 प्रधानाध्यापक पद से एवं 560 प्राध्यापक पद से पदौन्नत) की पदौन्नित तिथि 01 अप्रैल 2017 का अंकन आदेश 07 दिसम्बर 2022 को जारी हो चुका है। जबकि वित्त विभाग द्वारा 03 मार्च 2015 को 4999 प्रधानाचार्य पदों की स्वीकृति के स्पष्ट आदेश जारी होने के बावजूद लगभग 08 हजार पदौन्नत प्रधानाचार्य आज भी तिथि अंकन से वंचित हैं। तिथि अंकन के अभाव में प्रधानाचार्यों को भारी वित्तीय नुकसान की आशंका है। यदि आगामी 07 दिवस में तिथि अंकन कार्य पूरा नहीं किया गया तो संगठन के प्रधानाचार्य 08 जून 2026 को शिक्षा निदेशालय बीकानेर पर एक दिवसीय धरना एवं घेराव करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर नव सत्र प्रारम्भ होने के प्रथम दिन से ही संगठन आमरण अनशन एवं धरना-प्रदर्शन भी करेगा। इस दौरान एसीबीईओ पूरण चन्द कसाना, दयाराम चौरड़िया, गजेन्द्र सिंह यादव, संदीप यादव समेत अन्य मौजूद रहें।

# लालसोट में जल संरक्षण का संदेश, रैली निकाली



वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया।

**लालसोट** । वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लालसोट में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रधानाचार्य मदन पारीक एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण मीना ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों व कर्मचारियों को जल बचाने की शपथ दिलाई। विद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए तथा उनमें नियमित पानी भरने की जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय से बाजार तक जागरूकता रैली निकालकर आमजन को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर के माध्यम से पर्यावरण एवं जल संरक्षण संबंधी जनजागरण गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं।

### पुरानी मांगों का जल्द समाधान नहीं तो आंदोलन

**पावटा।** पंचायतीराज विभाग में लंबित मांगों को लेकर मंत्रालयिक कर्मचारियों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन राजस्थान, ब्लॉक उपशाखा पंचायत समिति पावटा के कर्मचारियों ने सोमवार को सरकार के नाम ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि यदि उनकी वर्षों पुरानी मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो प्रदेशभर में उठा आंदोलन किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष फूलाराम यादव के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पावटा उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा, विकास अधिकारी नीलू सैनी तथा तहसीलदार लोकेंद्र मीणा को मुख्यमंत्री, पंचायतीराज मंत्री, ठामीण विकास मंत्री, मुख्य सचिव, शासन सचिव एवं आयुक्त पंचायतीराज विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष फूलाराम यादव, ब्लॉक महामंत्री गिरिराज मौर्य, सोहन सिंह चौहान, संजीव कुमार आर्य, मुकेश कुम्हार, हरचंद गुर्जर, हरिसिंह चेलरवाल, पार्वती नेत्रीवाल, मालीराम जाट, साधुराम जाट सहित बडी संख्या में मंत्रालयिक कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने दिव्यांग मनीष शर्मा को भेंट की स्कूटी



इटावा भोपजी में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामवासी साक्षी रहे।

- ग्रामीणों ने की मानवीय पहल की सराहना
- नर सेवा ही नारायण सेवा की भावना से हर जरूरतमंद को संबल देना हमारा दायित्व : रामलाल शर्मा

**चौमूं / कालाडेरा ।** "नर सेवा ही नारायण सेवा" के संकल्प को चरितार्थ करते हुए भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने एक बार फिर संवेदनशीलता की मिसाल पेश की है। श्री शर्मा ने ठाम इटावा भोपजी निवासी दिव्यांग मनीष शर्मा पुत्र विद्यासागर शर्मा को स्कूटी भेंट कर उन्हें आत्मनिर्भरता का संबल प्रदान किया। मनीष शर्मा दिव्यांगता के कारण अपने आवागमन और रोजमर्रा के दैनिक कार्यों के लिए काफी परेशानी व संघर्षपूर्ण जीवन जीने को मजबूर थे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामलाल शर्मा ने मनीष शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें स्कूटी की चाबी सौंपकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्कूटी मिलने से अब मनीष का आवागमन सुगम हो सकेगा और वे अधिक आत्मविश्वास के साथ अपने कार्य कर सकेंगे। इस मौके पर रामलाल शर्मा ने कहा कि समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना हम सभी का परम दायित्व है। अंत्योदय की भावना के साथ हर जरूरतमंद की राह को आसान बनाना और उनके चेहरों पर मुस्कान लाना ही हमारा मुख्य ध्येय है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस संबल से मनीष पूरे आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ सकेंगे । इस अवसर पर भाजपा गोविन्दगढ मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह शेखावत, राजकुमार सैनी, पूर्व सरपंच भगवान सहाय यादव, बाबू लाल बिस्सलानिया, रामेश्वर बिरानिया, रामावतार भिंडा, महेन्द्र शर्मा, शैलेंद्र सिंह नाथावत, रामावतार जांगिड, अजय सिंह नाथावत, भंवर सिंह, एवं मूलशंकर मेहता सहित बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों और मनीष के परिवारजनों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया। रामलाल शर्मा ने कार्यक्रम में मिले अपार स्नेह, आत्मीय स्वागत और सम्मान के लिए सभी ग्रामवासियों व परिवारजनों का हृदय से आभार व्यक्त किया।